# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 23.03.25 | 4 | 2-5 |

# स्वयंसेवकों में राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करें

जागरण संवाददाता • हिसार : हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्र कल्याण निदेशालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय निदेशालय के सहयोग से विकसित भारत 2047 विषय पर सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ हुआ। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित रहें। शिविर में देश के विभिन्न 13 राज्यों के 200 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। शिविर में असम, महाराष्ट्र, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, पंजाब, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, गुजरात, राजस्थान, कर्नाटक व हरियाणा से स्वयंसेवक शामिल है।




हकृवि में आयोजित कार्यक्रम में मंच पर उपस्थित कुलपति प्रो . बीआर काम्बोज व अन्य • जागरण

## सामाजिक कार्यों के बारे में दी जानकारी

राष्ट्रीय सेवा योजना नई दिल्ली के क्षेत्रीय निदेशक श्रवन राम व मनोज कुमार ने स्वयंसेवकों द्वारा किए जाने वाले सामाजिक कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। छात्र कल्याण निदेशक मदन खीचड़ ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया और कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. एसके पाहुजा ने धन्यवाद किया।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि स्वयंसेवकों में समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों में सामाजिक सेवा की भावना विकसित करना, नेतृत्व क्षमता का विकास, समाज और पर्यावरण के प्रति जागरूकता, राष्ट्रीय एकता और सद्भाव को बढ़ाना, आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों में योगदान, ग्रामीण विकास तथा व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण का विकास करना शामिल है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान में युवाओं का अहम योगदान होगा। विश्व में सबसे अधिक युवा भारत वर्ष में हैं। योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रति लोगों को जागरूक करने में स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। हमारी संस्कृति, खानपान और रहन-सहन विश्व में सर्वोपरि हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 25-03-25 | 1 | 7-8 |

# स्वयंसेवकों में राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करना जरूरी : प्रो. काम्बोज




भास्कर न्यूज | हिसार

हकृवि में छात्र कल्याण निदेशालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय निदेशालय के सहयोग से विकसित भारत-2047 विषय पर सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ हुआ।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित रहे। शिविर में 13 राज्यों के 200 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। शिविर में असम, महाराष्ट्र, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, पंजाब, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, गुजरात, राजस्थान, कर्नाटक व हरियाणा से स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा स्वयंसेवकों में समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करना बहुत जरूरी है। पीएम मोदी द्वारा भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान में युवाओं का अहम योगदान होगा। विश्व में सबसे अधिक युवा भारत वर्ष में हैं। योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रति लोगों को जागरूक करने में स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। छात्र कल्याण निदेशक मदन खिचड़ ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया और कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने धन्यवाद किया। मंच संचालन छात्र नमन कौशिक ने किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 23.03.25 | 12 | 4-8 |

हकृवि में सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ

# शिविर में 13 राज्यों के स्वयंसेवक ले रहे भाग

- समाज एवं राष्ट्र के नव-निर्माण के लिए एकजुट होकर कार्य करें स्वयंसेवक : प्रो. काम्बोज

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा है कि स्वयंसेवकों में समाजसेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों में सामाजिक सेवा की भावना विकसित करना, नेतृत्व क्षमता का विकास, समाज और पर्यावरण के प्रति जागरूकता, राष्ट्रीय एकता और सद्भाव को बढ़ाना, आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों में योगदान, ग्रामीण विकास तथा व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण का विकास करना राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों में शामिल है। राष्ट्रीय सेवा योजना नई दिल्ली के क्षेत्रीय निदेशक श्रवन राम व मनोज कुमार ने स्वयंसेवकों द्वारा किए जाने वाले सामाजिक कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। छात्र कल्याण निदेशक मदन खिचड़ ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया और कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने धन्यवाद किया। मंच संचालन छात्र नमन कौशिक ने किया।



हिसार। दीप प्रजवल्लित करके कार्यक्रम का शुभारंभ करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज।

## विकसित राष्ट्र भारत अभियान में युवा अहम

प्रो. बीआर काम्बोज शनिवार को छात्र कल्याण निदेशालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय निदेशालय के सहयोग से विकसित भारत 2047 विषय पर सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर के शुभारंभ अवसर पर संबोधन दे रहे थे। इस शिविर में देश के विभिन्न 13 राज्यों के 200 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। शिविर में असम, महाराष्ट्र, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, पंजाब, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, गुजरात, राजस्थान, कर्नाटक व हरियाणा से स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। कुलपति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान में युवाओं का अहम योगदान होगा। विश्व में सबसे अधिक युवा भारत वर्ष में हैं। योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रति लोगों को जागरूक करने में स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 23.03.25 | 5 | 7-8 |

# स्वयं सेवकों में समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करना बहुत ज़रूरी : प्रो. बी.आर. काम्बोज

हिसार, 22 मार्च (विरेन्द्र वर्मा):चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्र कल्याण निदेशालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय निदेशालय के सहयोग से विकसित भारत 2047 विषय पर सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित रहें। इस शिविर में देश के विभिन्न 13 राज्यों के 200 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। शिविर में असम, महाराष्ट्र, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, पंजाब, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, गुजरात, राजस्थान, कर्नाटक व हरियाणा से स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि स्वयंसेवकों में समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करना बहुत जरूरी है। राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों में सामाजिक सेवा की भावना विकसित करना, नेतृत्व क्षमता का विकास, समाज और पर्यावरण के प्रति जागरूकता, राष्ट्रीय एकता और सद्भाव को बढ़ाना, आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों में योगदान, ग्रामीण विकास तथा व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण का विकास करना शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान में युवाओं का अहम योगदान होगा। विश्व में सबसे अधिक युवा भारत वर्ष में हैं। योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रति लोगों को जागरूक करने में स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है । हमारी संस्कृति, खानपान और रहन-सहन विश्व में सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए अनुशासन बहुत जरूरी है, इसलिए स्वयंसेवक समाज एवं राष्ट्र के नव-निर्माण के लिए एकजुट होकर कार्य करना सुनिश्चित करें।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 23-03-25 | 2 | 7-8 |

## स्वयंसेवकों में राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करना जरूरी : प्रो. कांबोज

संवाद न्यूज एजेंसी

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्र कल्याण निदेशालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय निदेशालय के सहयोग से विकसित भारत 2047 विषय पर सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित रहे। इस शिविर में देश के विभिन्न 13 राज्यों के 200 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। शिविर में असम, महाराष्ट्र, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, पंजाब, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, गुजरात, राजस्थान, कर्नाटक व हरियाणा से स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं।

कुलपति ने कहा कि स्वयंसेवकों में समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करना बहुत जरूरी है। राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों में सामाजिक सेवा की भावना विकसित करना, नेतृत्व क्षमता का विकास, समाज और पर्यावरण के प्रति जागरूकता, राष्ट्रीय एकता और सद्भाव को बढ़ाना, आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों में योगदान, ग्रामीण विकास तथा व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण का विकास करना शामिल है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 23.03.25 | 4 | 3-5 |


# स्वयंसेवकों में समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करना बहुत जरूरी: प्रो. काम्बोज




मंच पर उपस्थित कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज व अन्य

## हकृवि में सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ, 13 राज्यों के स्वयंसेवक लें रहें भाग

हिसार, 22 मार्च (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्र कल्याण निदेशालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय निदेशालय के सहयोग से विकसित भारत 2047 विषय पर सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर काम्बोज मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित रहें। इस शिविर में देश के विभिन्न 13 राज्यों के 200 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। शिविर में असम, महाराष्ट्र, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, पंजाब, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, गुजरात, राजस्थान, कर्नाटक व हरियाणा से स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि स्वयंसेवकों में समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करना बहुत जरूरी है। राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों में सामाजिक सेवा की भावना विकसित करना, नेतृत्व क्षमता का विकास, समाज और पर्यावरण के प्रति जागरूकता, राष्ट्रीय एकता और सद्भाव को बढ़ाना, आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों में योगदान, ग्रामीण विकास तथा व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण का विकास करना शामिल है। उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए अनुशासन बहुत जरूरी है, इसलिए स्वयंसेवक समाज एवं राष्ट्र के नव-निर्माण के लिए एकजुट होकर कार्य करना सुनिश्चित करें।

राष्ट्रीय सेवा योजना नई दिल्ली के क्षेत्रीय निदेशक श्रवन राम व मनोज कुमार ने स्वयंसेवकों द्वारा किए जाने वाले सामाजिक कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। छात्र कल्याण निदेशक मदन खिचड़ ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया और कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.एस.के. पाहुजा ने धन्यवाद किया। मंच संचालन छात्र नमन कौशिक ने किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक सवेरा | 22.03.25 | -- | -- |

## हकृवि में सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ

- कुलपति बोले, स्वयंसेवकों में समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करना बहुत जरूरी, 13 राज्यों के स्वयंसेवक लें रहें भाग

सवेरा न्यूज/सुरेंद्र सोढी

हिसार, 22 मार्च : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्र कल्याण निदेशालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय निदेशालय के सहयोग से विकसित भारत 2047 विषय पर सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित रहें। इस शिविर में देश के विभिन्न 13 राज्यों के 200 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। शिविर में असम, महाराष्ट्र, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, पंजाब, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, गुजरात, राजस्थान, कर्नाटक व हरियाणा से स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि स्वयंसेवकों में समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करना बहुत जरूरी है। राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों में सामाजिक सेवा की भावना विकसित करना, नेतृत्व क्षमता का विकास, समाज और पर्यावरण के प्रति जागरूकता, राष्ट्रीय एकता और सद्भाव को बढ़ाना, आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों में योगदान, ग्रामीण विकास तथा व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण का विकास करना शामिल है। छात्र कल्याण निदेशक मदन खिचड़ ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया और कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ एसके पाहुजा ने धन्यवाद किया। मंच संचालन छात्र नमन कौशिक ने किया।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज।

# स्वयंसेवकों में समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करना बहुत जरूरी : प्रो. बी.आर. काम्बोज

## हकृवि में सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ ▪ 13 राज्यों के स्वयंसेवक लें रहें भाग

चिराग टाइम्स न्यूज

हिसार,। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्र कल्याण निदेशालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय निदेशालय के सहयोग से विकसित भारत 2047 विषय पर सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित रहे। इस शिविर में देश के विभिन्न 13 राज्यों के 200 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। शिविर में असम, महाराष्ट्र, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, पंजाब, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, गुजरात, राजस्थान, कर्नाटक व हरियाणा से स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं।





कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि स्वयंसेवकों में समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करना बहुत जरूरी है। राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों में सामाजिक सेवा की भावना विकसित करना, नेतृत्व क्षमता का विकास, समाज और पर्यावरण के प्रति जागरूकता, राष्ट्रीय एकता और सद्भाव को बढ़ाना, आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों में योगदान, ग्रामीण विकास तथा व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण का विकास करना शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान में युवाओं का अहम योगदान होगा। विश्व में सबसे अधिक युवा भारत वर्ष में है। योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रति लोगों को जागरूक करने में स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। हमारी संस्कृति, खानपान और रहन-सहन विश्व में सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए अनुशासन बहुत जरूरी है, इसलिए स्वयंसेवक समाज एवं राष्ट्र के नव-निर्माण के लिए एकजुट होकर कार्य करना सुनिश्चित करें।

राष्ट्रीय सेवा योजना नई दिल्ली के क्षेत्रीय निदेशक श्रवन राम व मनोज कुमार ने स्वयंसेवकों द्वारा किए जाने वाले सामाजिक कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। छात्र कल्याण निदेशक मदन खिचड़ ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया और कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ एसके पाहुजा ने धन्यवाद किया। मंच संचालन छात्र नमन कौशिक ने किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 22.03.25 | -- | -- |

# हकृवि में सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर शुरू, 13 राज्यों के स्वयंसेवक ले रहे भाग



सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विकसित भारत 2047 विषय पर सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ हुआ। इस शिविर में देश के विभिन्न 13 राज्यों के 200 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। शिविर में असम, महाराष्ट्र, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, पंजाब, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, गुजरात, राजस्थान, कर्नाटक व हरियाणा से स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि स्वयंसेवकों में समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करना बहुत जरूरी है। राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों में सामाजिक सेवा की भावना विकसित करना, नेतृत्व क्षमता का विकास, समाज और पर्यावरण के प्रति जागरूकता, राष्ट्रीय एकता और सद्भाव को बढ़ाना, आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों में योगदान, ग्रामीण विकास तथा व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण का विकास करना शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान में युवाओं का अहम योगदान होगा। विश्व में सबसे अधिक युवा भारत वर्ष में हैं। योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रति लोगों को जागरूक करने में स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है । हमारी संस्कृति, खानपान और रहन-सहन विश्व में सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए अनुशासन बहुत जरूरी है, इसलिए स्वयंसेवक समाज एवं राष्ट्र के नव-निर्माण के लिए एकजुट होकर कार्य करना सुनिश्चित करें।

राष्ट्रीय सेवा योजना नई दिल्ली के क्षेत्रीय निदेशक श्रवन राम व मनोज कुमार ने स्वयंसेवकों द्वारा किए जाने वाले सामाजिक कार्यों के बारे में जानकारी दी। छात्र कल्याण निदेशक मदन खिचड़ ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया और कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ एसके पाहुजा ने धन्यवाद किया। मंच संचालन छात्र नमन कौशिक ने किया।